आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 जनवरी 2025 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश भर में आज **उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस** मनाया जा रहा है। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में देश और प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की और कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। आज यहां एक सौ अस्सी डिग्री बदलाव देखने को मिल रहा है।

बड़ा बदलाव आया है। विशेष कॉरिडोर ने ये कारनामे दिखायें पच्चीस हजार करोड़ का निवेश और सात वर्षो में निर्यात दुगुना हो गया। मै नहीं कहना चाहता विस्तार से कहा जा चुका है एयरपोर्ट की संख्या बढ़ रही है मेट्रो सिटीज की संख्या बढ़ रही है। आगरा भी होने वाला है जल्दी और यही कालखण्ड है उपरवाला भी तय करता है एक सौ चालीस वर्ष से ज्यादा के बाद प्रयागराज में जो आज हो रहा है पूरा विश्व आश्चर्यचकित है

उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के छः लोगों को **उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान** प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा, बहराइच के डॉ जय सिंह, बुलंदशहर की कृष्णा यादव और कर्नल सुभाष देशवाल शामिल हैं।

इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रयागराज की धरती पर इस सदी का पहला महाकुंभ शुरू हो चुका है। पिछले दस दिनों के अंदर देश और दुनिया से आए दस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है।

इससे पहले प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का प्रदेश आगमन पर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ भी इस मौके पर मौजूद रहीं।

****

प्रयागराज महाकुम्भनगर में अग्निशमन विभाग आगजनी की घटना की रोकथाम के लिए अभियान चला रहा है। इसी क्रम में वहां जब्त किये गये अनधिकृत सिलेंडर से **सुरक्षा अमृत कलश** बनाया जाएगा। एक रिपोर्ट–

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आगजनी की घटना के बाद संपूर्ण मेला क्षेत्र में अग्निशमन विभाग दुबारा ऐसी घटना न हो इसको लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मेला क्षेत्र में प्रयोग हो रहे छोटे अनाधिकृत ऐसे 250 से अधिक गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया है । मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इन सिलेंडरों को ध्वस्त किया जाएगा और इनसे एक कलाकृति सुरक्षा अमृत कलश बनाया जाएगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार महाकुंभ नगर प्रयागराज।

****

वाराणसी में पंद्रह फरवरी से चौबीस फरवरी तक काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। दोनों प्रदेश के विद्यार्थी नमो घाट पर एकेडमिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय में अपर सचिव सुनील कुमार बरनवाल ने आज वाराणसी जिला प्रशासन के साथ बैठक कर काशी तमिल संगमम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि आयोजन के दौरान अतिथियों की सुरक्षा, चिकित्सकीय व्यवस्था और साफ सफाई का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। काशी तमिल संगमम का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संस्कृति, कपड़ा, रेलवे, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों प्रदेशों के लोगों को उनकी कला, संस्कृति और साहित्य आदि से परिचित कराना है।

****

मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वहां भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव के संदेश को अयोध्या धाम के संदेशों में बदलना है। मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है।

****

रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने आज वाराणसी रेल इंजन कारखाना बरेका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बरेका के नवाचार, लोको उत्पादन क्षमता और वैश्विक योगदान की सराहना की। कारखाना भ्रमण के दौरान श्री सोमन्ना ने लोको फ्रेम शॉप, लोको असेम्बली शॉप, ट्रैक्शन असेम्बली शॉप, ट्रक मशीन और लोको टेस्ट शॉप का निरीक्षण कर जानकारी ली।

****